# देश के ग्रोथ इंजन के रूप में प्रदेश को मिली नई पहचान : मंत्री नंदी

महाकुम्भ नगर। महाकुम्भ नगर के सेक्टर 25 में रविवार को औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने इन्वेस्ट यूपी के पंडाल का उद्‌घाटन किया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में निवेश के लिए सबसे आकर्षक गंतव्य और देश का ग्रोथ इंजन बनकर उभर रहा है। इन्वेस्ट यूपी के पंडाल में राज्य की औद्योगिक नीतियों, निवेश योजनाओं और विकास परियोजनाओं को प्रदर्शित किया गया है। पंडाल में डिजिटल और इंटरएक्टिव माध्यमों के जरिये निवेश परियोजनाओं, औद्योगिक क्षेत्रों और प्रमुख उपलब्धियों को भी दर्शाया गया है। मंत्री नंदी ने इन्वेस्ट यूपी के पंडाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के प्रसारण को पार्टी पदाधिकारियों के साथ सुना।